ASIAN LAW CAUCUS

26 अगस्त 2026 तक अद्यतन

हवाई अड्डे पर अपने अधिकारों को जानें



TSA अब कुछ अमेरिकी हवाई अड्डों पर इमिग्रेशन को लागू करने वाली एजेंसियों के साथ यात्रियों की जानकारी शेयर करता है। अपने अधिकारों को समझने और उनके बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए इस गाइड का इस्तेमाल करें।

यह सामान्य जानकारी है, कोई कानूनी सलाह नहीं। कृपया अपनी विशिष्ट परिस्थिति के बारे में किसी वकील से बातचीत करें।

अगर हवाई अड्डे पर ICE द्वारा आपसे संपर्क किया जाता है, तो आपके पास निम्नलिखित अधिकार हैं:

चुप रहने का अधिकार

आपका यह बताना ज़रूरी नहीं है कि आपका जन्म कहाँ हुआ था, आप अमेरिका कैसे आए थे, या आपकी इमिग्रेशन स्थिति क्या है। आप कह सकते हैं:

"मैं चुप रहना चाहूंगा/चाहूंगी।"

तलाशी लेने से इनकार करने का अधिकार

आम तौर पर, ICE न्यायिक वारंट या आपकी सहमति के बिना आपकी या आपके सामान, जिसमें आपका फोन भी शामिल है, की तलाशी नहीं ले सकता है। आप कह सकते हैं:

"मैं तलाशी लेने की अनुमति नहीं देता/देती।"

पूछें कि क्या आप जा सकते हैं

अगर कोई एजेंट आपको रोकता है, तो आप पूछ सकते हैं:

"क्या मैं जा सकता/सकती हूँ?"

अगर हाँ, तो शांति से वहाँ से चले जाएँ। अगर ऐसा नहीं है, तो शांत रहें और वहाँ से निकलने की कोशिश न करें।

वकील से बात करने की विनती करें

अगर आपको हिरासत में लिया जाता है, तो किसी वकील से बात करने से पहले आपको किसी भी चीज़ पर हस्ताक्षर करने की ज़रूरत नहीं है, और आपको ऐसे किसी भी दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर नहीं करने चाहिए जिन्हें आप पूरी तरह से नहीं समझते हैं। आप कह सकते हैं:

"मैं एक वकील से बात करना चाहता/चाहती हूँ।"
"मैं चुप रहना चाहूंगा/चाहूंगी।"

अगर आपका कोई इमिग्रेशन वकील नहीं है, तो आप त्वरित प्रतिक्रिया (रैपिड रिस्पॉन्स) नेटवर्क से संपर्क कर सकते हैं या हिरासत स्थल से **2150#** पर कॉल करके वकील की तलाश करने में सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

ये अधिकार आम तौर पर तब लागू होते हैं जब आपसे **इमिग्रेशन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (ICE)** द्वारा संपर्क किया जाता है। **परिवहन सुरक्षा प्रशासन (TSA)** और **सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (CBP)** एजेंसी से बातचीत करते समय आपके **अधिकार ज्यादा सीमित होते हैं**।

आपके ये प्रश्न हो सकते हैं:

क्या इस समय ICE हवाई अड्डे पर लोगों को हिरासत में ले रहा है?

हमें जो पता है: हमें अभी तक यह नहीं पता है कि हवाई अड्डों पर ICE द्वारा किसे निशाना बनाया जा रहा है, लेकिन हाल ही में ICE ने उन यात्रियों को गिरफ्तार किया है जिनके ऊपर देश से निकाले जाने के पुराने आदेश हैं।

पता करें कि क्या आपके खिलाफ देश से निकाले जाने का कोई आदेश जारी किया गया है:

कार्यकारी इमिग्रेशन समीक्षा कार्यालय (EOIR) की हॉटलाइन (800) 898-7180 पर कॉल करें, या **acis.eoir.justice.gov/en/** पर जाएँ। अपना **A-नंबर** तैयार रखें।

यात्रा करने का फैसला करने से पहले:

यह निर्धारित करें कि क्या ICE के पास **आपको हिरासत में लेने का कोई कानूनी आधार** हो सकता है। इसका सबसे अच्छा तरीका **किसी इमिग्रेशन वकील से परामर्श** करना है।

मुझे हवाई अड्डे पर क्या लेकर जाना चाहिए?

अपने साथ वैध पहचान पत्र और इमिग्रेशन दस्तावेज़ लाएँ जो यह दर्शाते हों कि आपको कानूनी रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने और वहाँ रहने की अनुमति है। ये दस्तावेज़ अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए महत्वपूर्ण हैं और कुछ स्थितियों में कानून द्वारा आवश्यक हैं। देश के अंदर यात्रा करने के लिए भी इन्हें साथ रखने की सिफ़ारिश की जाती है।

अमेरिकी नागरिक

- अमेरिकी पासपोर्ट

वैध स्थायी निवासी

- विदेशी पासपोर्ट
- स्थायी निवासी कार्ड ("ग्रीन कार्ड")
- फॉर्म G-28 (आपके इमिग्रेशन वकील से प्राप्त करें)

वीज़ा धारक

- विदेशी पासपोर्ट + वीज़ा
- फॉर्म I-94 (आने/वापस जाने का रिकॉर्ड)
- फॉर्म I-20 (विद्यार्थी वीज़ा)
- फॉर्म I-797 (वीज़ा अनुमोदन के नोटिस)
- फॉर्म G-28 (आपके इमिग्रेशन वकील से)
- कोई अन्य इमीग्रेशन दस्तावेज़

आपके जाने से पहले:

अपनी यात्रा का विवरण और अपने इमिग्रेशन वकील की संपर्क जानकारी किसी भरोसेमंद परिवार के सदस्य या मित्र को **भेजें**।

अपनी यात्रा का विवरण, अपने वकील की संपर्क जानकारी और अपने आपातकालीन संपर्कों की सूची **प्रिंट** करके रखें और उन्हें अपने साथ रखें।

अपने इमिग्रेशन इतिहास को दर्शाने वाले किसी भी दस्तावेज़ और/या इमीग्रेशन केस से संबंधित दस्तावेज़ों को अपने परिवार और इमीग्रेशन वकील के लिए प्राप्त करना आसान बनाएँ।

मैं हवाई अड्डे पर ICE/HSI एजेंटों की पहचान कैसे करूँ?

- वे **सादे कपड़े या सामरिक पोशाक** (सैन्य उपयोग का सामान) पहन सकते हैं और हवाई अड्डे पर कहीं भी मौजूद हो सकते हैं।
- वारंट के बिना, उन्हें आपको रोकने के लिए **उचित रूप से संदेह होने** और आपको गिरफ्तार करने के लिए **संभावित कारण** के होने की आवश्यकता होती है।
- वे **न्यायिक वारंट** या आपकी अनुमति के बिना **आपके बैग, फोन या सामान की तलाशी नहीं ले सकते**।
- ICE, TSA (सुरक्षा जांच) और CBP (अमेरिका में दाखिल होना) से अलग होता है।

TSA/CBP, ICE से किस प्रकार अलग होता है?

- **TSA** सुरक्षा जांच का काम संभालता है और आपकी या आपके सामान की तलाशी ले सकता है। TSA विमानन सुरक्षा के लिए ज़िम्मेदार है, न कि इमीग्रेशन संबंधी नियमों को लागू करने के लिए।
- **CBP** अमेरिका में प्रवेश करने की प्रक्रिया संभालता है और आपकी **इमिग्रेशन स्थिति** के बारे में पूछताछ कर सकता है, आपको पूछताछ के लिए अलग ले जा सकता है और **आपके सामान और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों (डिवाइसेज)** की जांच कर सकता है।
- आपका **अपने पासवर्ड को शेयर करना ज़रूरी नहीं है**, लेकिन इनकार करने से आपकी **प्रवेश करने की पात्रता** प्रभावित हो सकती है।

अधिक जानकारी के लिए: https://bit.ly/alc-airportkyr पर जाएँ या **QR कोड** स्कैन करें